Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में सोमवार
सायं 5:27 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सुबह 6:26 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 147 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | सोमवार, 1 दिसंबर 2025

सनी-बॉबी को सोनू निगम ने...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### वकीलों की हड़ताल का आज 21वां दिन, कामकाज ठप

देहरादून। वकीलों की हड़ताल आज सोमवार को 21वें दिन भी जारी है। बार एसोसिएशन देहरादून ने अदालत के सामने हरिद्वार रोड पर धरना देकर चक्का जाम जारी रखने की घोषणा की है।
धरनास्थल पर आगे की रणनीति पर विचार विमर्श भी किया जाएगा। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनमोहन कंडवाल ने बताया कि उनकी मांगों पर सरकार की ओर से ठोस आश्वासन न मिलने के कारण सांकेतिक चक्का जाम जारी रखने का फैसला किया गया है। चेंबर के लिए भूमि आवंटन और सरकार की ओर से चेंबर निर्माण की मांग के साथ वकीलों ने बीते शनिवार घंटाघर तक मार्च भी निकाला था लेकिन प्रशासन मौन है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनमोहन कंडवाल ने बताया कि उनकी मांगों पर सरकार की ओर से ठोस आश्वासन न मिलने के कारण सांकेतिक चक्का जाम जारी रखने का फैसला किया गया है। चेंबर के लिए भूमि आवंटन और सरकार की ओर से चेंबर निर्माण की मांग के साथ वकीलों ने बीते शनिवार घंटाघर तक मार्च भी निकाला था लेकिन प्रशासन मौन है।

### अल्मोड़ा में 340 ने दी परीक्षा, 686 अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित

अल्मोड़ा। संघ लोक सेवा आयोग नई दिल्ली की ओर से रविवार को जिले में कंबाइंड रिक्रूमेंट टेस्ट फॉर द पोस्ट ऑफ एपीएफसी एंड ईओ/एओ इन ईपीओ परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई। कुल पंजीकृत 1026 अभ्यर्थियों में से 340 ने परीक्षा दी जबकि 686 अनुपस्थित रहे। परीक्षा केंद्रों पर कैमरों से नजर रखी गई।
प्रभारी मुख्य शिक्षाधिकारी अत्रेश सयाना ने बताया कि पीएमश्री अटल उत्कृष्ट जीआईसी अल्मोड़ा में पंजीकृत 288 अभ्यर्थियों में से 108 ने परीक्षा दी जबकि 180 अनुपस्थित रहे।

# विश्व ऐड्स दिवस पर एक दिवसीय शिविर आयोजित

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

इंदिरा प्रियदर्शिनी राजकीय स्नातकोत्तर महिला वाणिज्य महाविद्यालय, हल्द्वानी में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से एक दिवसीय नियमित शिविर आयोजित किया गया। शिविर की शुरुआत लक्ष्य गीत से हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो0 आभा शर्मा ने की। शिविर के दौरान स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। इसके साथ एक पेड़ मां के नाम मुहिम में लगाए गए पौधों और एनएसएस वाटिका में रोपे गए पौधों की गुड़ाई की गई। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ0





रितुराज पंत ने स्वयंसेवियों को माय भारत पोर्टल के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह पोर्टल युवाओं को विभिन्न सामाजिक अभियानों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और वॉलंटियरिंग अवसरों से जोड़ने वाला एक राष्ट्रीय मंच है। उन्होंने कहा माय भारत पोर्टल युवा शक्ति को एक ही स्थान पर अवसर, प्रशिक्षण और सहभागिता का मंच देता है। यह समाज सेवा को संगठित और प्रभावी बनाता है। मैं सभी स्वयंसेवियों को सलाह देता हूं कि वे इस पोर्टल पर पंजीकरण करके सामाजिक अभियानों में सक्रिय योगदान दें। कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 गीता पंत ने कहा एनएसएस का उद्देश्य युवाओं में सेवा और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है। स्वच्छता अभियान और पौधों की देखभाल जैसी गतिविधियाँ छात्राओं को पर्यावरण और समाज के प्रति संवेदनशील बनाती हैं। ऐसे अनुभव आगे चलकर उनके व्यक्तित्व को मजबूत करते हैं। बौद्धिक सत्र में डॉ0 फकीर सिंह और डॉ0 हिमानी ने स्वयंसेवियों को एड्स की रोकथाम, संक्रमण के कारणों, बचाव और जागरूकता पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा एचआईवी/एड्स के बारे में सही जानकारी और जागरूकता ही इसकी रोकथाम का सबसे प्रभावी तरीका है। युवा पीढ़ी अगर तथ्यात्मक जानकारी के साथ आगे बढ़े तो समाज में कई भ्रांतियों को दूर किया जा सकता है।

प्राचार्य प्रो0 आभा शर्मा ने सभी स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए कहा विश्व एड्स दिवस पर आयोजित यह शिविर छात्राओं को जागरूक, जिम्मेदार और समाज के प्रति संवेदनशील बनाने का एक प्रभावी माध्यम है। मुझे खुशी है कि एनएसएस की दोनों इकाइयों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। इस अवसर पर विभिन्न शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

वित्तीय राजधानी भी प्रदूषण की चपेट में

# दिल्ली के बाद अब मुंबई में भी ग्रैप-4 की पाबंदियां लागू

मुंबई
एजेंसी

बढ़ते वायु प्रदूषण के चलते देश की वित्तीय राजधानी मुंबई की भी सांसें फूल रही हैं। ऐसे में सरकार ने मुंबई में कई जगहों पर ग्रैप-4 की पाबंदियां लागू कर दी हैं। इसके साथ ही मुंबई भी दिल्ली के साथ उन शहरों की सूची में शामिल हो गया है, जहां वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। मुंबई में कई जगहों पर हवा की गुणवत्ता बेहद खराब पाई गई है, इनमें मुंबई का मझगांव, देवनार, मलाड, बोरीवली ईस्ट, चकाला अंधेरी ईस्ट, नेवी नगर, पवई और मुलुंड जैसे इलाके शामिल हैं।

बीएमसी ने इन इलाकों में किसी भी तरह के निर्माण कार्यों और धूल उड़ाने वाली गतिविधियों पर रोक लगा दी हैं, और इन इलाकों में विभिन्न निर्माण स्थलों की निगरानी की जा रही है। 50 से ज्यादा निर्माण स्थलों को काम रोकने के नोटिस जारी किए गए हैं। बेकरी और मार्बल कटिंग यूनिट्स समेत छोटे उद्योगों को साफ प्रक्रिया अपनाने



या फिर कार्रवाई का सामना करने के लिए तैयार रहने को कहा गया है। बीएमसी ने प्रदूषण नियंत्रण के तरीकों को लागू करने और उत्सर्जन पर नजर रखने के लिए हर वार्ड में फ्लाइंग स्क्वॉड तैनात किए हैं। इन स्क्वॉड में इंजीनियर, पुलिसकर्मी और तक्क-ट्रैक गाड़ियां शामिल हैं और ये प्रदूषण फैलाने वाली गतिविधियों की निगरानी कर रही हैं।

बीएमसी ने इन इलाकों में किसी भी तरह के निर्माण कार्यों और धूल उड़ाने वाली गतिविधियों पर रोक लगा दी हैं, और इन इलाकों में विभिन्न निर्माण स्थलों की निगरानी की जा रही है। 50 से ज्यादा निर्माण स्थलों को काम रोकने के नोटिस जारी किए गए हैं। बेकरी और मार्बल कटिंग यूनिट्स समेत छोटे उद्योगों को साफ प्रक्रिया अपनाने या फिर कार्रवाई का सामना करने के लिए तैयार रहने को कहा गया है। बीएमसी ने प्रदूषण नियंत्रण के तरीकों को लागू करने और उत्सर्जन पर नजर रखने के लिए हर वार्ड में फ्लाइंग स्क्वॉड तैनात किए हैं। इन स्क्वॉड में इंजीनियर, पुलिसकर्मी और तक्क-ट्रैक गाड़ियां शामिल हैं और ये प्रदूषण फैलाने वाली गतिविधियों की निगरानी कर रही हैं।

# जल्द मांग पूरी नहीं होने पर दुग्ध आपूर्ति बंद करने की दी चेतावनी

अल्मोड़ा
हमारे संवाददाता

दूनागिरी में दुग्ध उत्पादक विकास संगठन की बैठक हुई। बैठक के बाद समिति के सदस्यों ने उत्तराखंड डेयरी विकास विभाग के निर्देशक को ज्ञापन भेजकर दुग्ध संघ में चल रहे भ्रष्टाचार की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग उठाई।

संगठन अध्यक्ष आनंद सिंह बिष्ट ने कहा कि दुग्ध संघ अल्मोड़ा के प्रधान प्रबंधक पुष्कर सिंह नगरकोटी के प्रयासों से समितियों पशु आहार, साइलेज, भूसा, कैल्शियम, मिनरल मिक्चर, पशु औषधि, दुग्ध उत्पादक प्रोत्साहन आदि की सुविधा मिल रही है। उन्होंने प्रधान प्रबंधक को हटाए जाने और स्थानांतरित करने को सूचना पर नाराजगी जताई। कहा कि एक वर्ष के भीतर चार प्रधान प्रबंधकों को हटाना संदेहास्पद है।

जिससे संघ का कार्य बाधित हो रहा है और दुग्ध उत्पादक की भी दिक्कतें बढ़ रही है। उन्होंने जल्द समिति की समस्याओं का समाधान नहीं होने पर दुग्ध आपूर्ति बंद करने की चेतावनी दी। वहां राधा देवी, विमला रावत, दुर्गा बाजनी, श्याम सिंह, उमेश, प्रताप सिंह, भुवन राम, उत्तम सिंह आदि मौजूद रहे।





# पालिका सभासद गजाला कमाल ने मंत्री सौरभ बहुगुणा के प्रयासों की सराहना की

नैनीताल
हमारे संवाददाता

नैनीताल नगर पालिका परिषद की सूखाताल वार्ड की सभासद गजाला कमाल ने कहा है कि शहरों में तेजी से बढ़ते प्लास्टिक कचरे की गंभीर समस्या को देखते हुए आंचल दुग्ध उत्पादों के उपयोग के बाद खाली प्लास्टिक पैकेटों को कंपनी द्वारा वापस लेने की मांग को लेकर पूर्व में मेरे द्वारा सूबे के मंत्री सौरभ बहुगुणा को एक पत्र प्रेषित किया गया था।

इस विषय को संज्ञान में लेते हुए मंत्री सौरभ बहुगुणा द्वारा आंचल दुग्ध कंपनी को स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं कि उपयोग के बाद खाली प्लास्टिक पैकेटों की वापसी एवं उचित निस्तारण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सभासद गजाला कमाल के मुताबिक इस निर्णय से नैनीताल समेत प्रदेश के अन्य शहरों में फैल रहे प्लास्टिक कचरे पर नियंत्रण लगेगा तथा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध होगी। उन्होंने इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे स्वच्छ शहर तथा सुरक्षित पर्यावरण की ओर एक सकारात्मक कदम बताया है। उन्होंने मंत्री सौरभ बहुगुणा का आभार व्यक्त करते हुए कहा गया कि यदि इसी प्रकार कंपनियों को उनकी जिममेदारी का एहसास कराया जाए तो शहरों को प्लास्टिक प्रदूषण से काफ ी हद तक मुक्ति मिल सकती है।

# मेले में लाभार्थियों को मिली स्वरोजगार हेतु लाखों की सौगात

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में जनपद नैनीताल में एम0बी0 इन्टर कालेज मैदान, हल्द्वानी में आयोजित सहकारिता मेले में प्रातः पर्यटन विभाग एवं जिला उद्योग केन्द्र की गोष्ठी का शुभारम्भ किया गया।

पर्यटन विभाग से जिला पर्यटन अधिकारी अतुल भण्डारी एवं जिला उद्योग केन्द्र से महाप्रबन्धक पल्लविका गुप्ता द्वारा विभागीय योजनाओं को जनमानस के साथ साझा किया एवं सांझ होम स्टे, जिसे राज्य में बेस्ट होमस्टे का अवार्ड मिला है, के संचालकों द्वारा लोगों को अपनी सफलता की कहानी सुनाई गयी। 10 व्यक्तियों को स्वरोजगार हेतु 1.67 करोड़ के चेक वितरित किये गये, जिसमें मसाला उद्योग, जनरल स्टोर, टैक्सी सर्विस, फैक्स प्रिंटिंग पशुपालन एवं फैब्रिकेशन से सम्बन्धित रोजगार सम्मिलित हैं। गोष्ठी के उपरान्त स्थानीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं स्वरा एकेडमी एवं मून लाइट एकेडमी के बच्चों के द्वारा समूह एवं एकल नृत्य के साथ-साथ गायन किया। सांस्कृतिक संध्या में सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग से आये दीपक सुयाल एवं प्रभाकर जोशी के गीतों ने शाम को और मनमोहक बना दिया।

सहकारी मेले में अपेक्षाकृत अधिक चहल पहल नजर आयी एवं लोगों ने सहकारी मेले के स्टॉल्स पर बने व्यंजनों का लुफ्त उठाते हुये खरीददारी की गयी। संध्याकाल में मेले में मुख्य अतिथि के रूप में लालकुआं के मा0 विधायक मोहन सिंह बिष्ट की उपस्थिति ने सहकारी मेले की शोभा बढ़ायी। सांस्कृतिक संध्या में प्रसिद्ध लोक गायक इन्दर आर्या ने अपने प्रसिद्ध गीतों से शाम को मनमोहक बना दिया। कार्यक्रम के अन्त में जिला सहायक निबन्धक दान सिंह नपलच्याल, जीएम रैना एवं अन्य अधिकारीगणों के द्वारा मेले में उपस्थित समस्त लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।



# देर रात तक की गयी मौलाना से पूछताछ

नैनीताल

हमारे संवाददाता

दिल्ली बम धमाके में राष्टीय जांच एजेंसी को मिले इनपुट के बाद नैनीताल के तल्लीताल स्थित मस्जिद के मौलाना मो.नईम से शनिवार की देर रात तक पूछताछ की गई। कई घंटों चली पूछताछ के बाद रविवार सुबह मौलाना ने 6 बजे मस्जिद में लोगों को अजान पढ़वाई साथ ही दिनभर क्षेत्र की गतिविधियां सामान्य नजर आई।

बता दें कि दिल्ली बम धमाके मामले के तार नैनीताल से जुड़े होने की संदेह पर सीओ नैनीताल रविकांत सेमवाल के नेतृत्व में शनिवार को टीम तल्लीताल बूचड ?ाना मस्जिद पहुंची और मौलवी मोहमद नईम को हिरासत में लेकर पूछताछ की।



दोपहर से देर रात तक मौलाना से पुलिस अधिकारी व खूफि या विभाग कर्मी पूछताछ करते रहे। रात करीब 11 बजे पुलिस की ओर से मौलाना को छोड़ देने का आधिकारिक बयान जारी किया गया। जिसके बाद रात में मौलाना होटल के कमरे से निकल अपने आवास पर पहुंचे। साथ ही रविवार सुबह उन्होंने रोजाना की तरह ही नमाज अदा करवाई। यहीं नहीं दिनभर क्षेत्र की गतिविधियां सामान्य नजर आई।

हांलाकि पुलिस व खुफिया तंत्र अभी भी मामले की जांच में जुटा हुआ है। खास बात यह है कि मामले को लेकर पुलिस अभी भी कुछ स्पष्ट बयानबाजी से बच रही है जिससे पुलिस व खुफिया विभाग की जांच जारी होने से इनकार नहीं किया जा सकता।



# परिणय सूत्र में बंधने से पूर्व एक पौधा धरती मां के नाम रोपा बरखा ने

नैनीताल

हमारे संवाददाता

राज्य आंदोलनकारी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधा रोपण अभियान रविवार को 503 वें दिन भी जारी रहा।

पौधारोपण अभियान के 503वें दिन विवाह समारोह को पौधारोपण कार्यक्रम से जोड़ते हुए डीडीहाट में डीडीहाट निवासी गोपाल राम की पौत्री व राजेंद्र प्रसाद व भागीरथी देवी की पुत्री बरखा बबबी ने परिणय सूत्र में बंधने से पूर्व एक पौधा धरती मां के नाम के तहत पौधारोपण किया। बरखा ने कहां कि अब वह अपनी हर सालगिरह पर पौधारोपण करेंगी। गोपाल राम ने कहा कि पौधारोपण अभियान से जुडना अपने आप में महान कार्य है।

स्रो स्कीईंग के प्रशिक्षक लक्ष्मण राम ने कहा कि पौधारोपण अभियान पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में भविष्य में मील का पत्थर साबित होगा। दिनेश गुरुरानी ने कहा कि उनका पौधा रोपण अभियान जारी रहेगा। विवाह समारोह में उपस्थित लोगों ने पौधारोपण अभियान की सराहना की।

# 21 दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

धारी विकास खंड में भूमि संस्था द्वारा जिला उद्योग केंद्र हल्द्वानी के सहयोग से आयोजित 21 दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन किया गया।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुखय अतिथि के रूप में उपस्थित जिला उद्योग केंद्र के जगदीश सिंह बोरा ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि किस प्रकार ये योजनाएँ नए उद्यम स्थापित करने में युवाओं और महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकती हैं। संस्था की अध्यक्षा भावना पांडे ने सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि उद्यमिता न केवल आत्मनिर्भरता का माध्यम है बल्कि ग्रामीण स्तर पर रोजगार सृजन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त कौशलों का प्रयोग करते हुए स्वयं का उद्यम स्थापित करने के लिए प्रतिभागियों को प्रेरित किया।कार्यक्रम में क्षेत्र के ग्राम प्रधान सहित सभी प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और प्रशिक्षण के अनुभव साझा किए। समापन सत्र में संस्था द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरण भी किया गया। इस दौरान सरपंच अजय कुमार, प्रधान रेखा देवी, दीपा देवी, विमला देवी, निखिल कुमार, राकेश चंद्र, अंजलि देवी, सोना देवी तथा प्रदीप कुमार आदि लोग मौजूद रहे।




## NEWS / फटाफट

### अयारपाटा वार्ड में 55 लोगों ने प्रमाण पत्र शिविर का उठाया लाभ



**नैनीताल** । नगर के अयारपाटा वार्ड के डीएसबी कॉलेज के पीछे लंगम बस्ती क्षेत्र में रविवार को प्रमाण पत्र बनाने के लिए शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन वार्ड सभासद मनोज साह जगाती ने किया। जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लगाए गए इस शिविर में कुल 55 लोगों ने विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्र बनवाए, इनमें यूसीसी, वोटर आईडी, स्थायी प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, स्वास्थ्य कार्ड समेत अन्य दस्तावेज शामिल रहे। शिविर के संचालन में मो. रूमान ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और लोगों को प्रमाण पत्र बनाने में सहयोग प्रदान किया। स्थानीय निवासियों ने शिविर के आयोजन के लिए सभासद का आभार व्यक्त किया। बता दें इससे पूर्व भी सभासद जगाती के सहयोग से एक शिविर पूर्व में आयोजित हो चुका है।

### कूटा ने सांसद भट्ट के भाई के निधन पर जताया शोक

**नैनीताल** । कुमाऊं विश्व विद्यालय शिक्षक संघ (कूटा) ने सांसद तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट के बड़े भाई राम दत्त भट्ट के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया तथा श्रद्धांजलि दी है । कूटा की तरफ से प्रो. ललित तिवारी,प्रो. नीलू, डॉ दीपक कुमार,डॉ विजय कुमार,डॉ संतोष कुमार, डॉ पैनी,डॉ अनिल बिष्ट तथा डॉ उमंग ,डॉ दीपिका तथा डॉ युगल व डॉ रितेश साह ने दुख व्यक्त किया है।

### सजावटी मोमबत्ती निर्माण प्रशिक्षण शिविर आयोजित



**नैनीताल** । स्वयंसेवी संस्था हल्दूचौड़ ऑन लाइन संस्था द्वारा ज्योलीकोट में 21 दिवसीय सजावटी मोमबत्ती निर्माण प्रशिक्षण शिविर का समापन ग्राम प्रधान नवल कुमार द्वारा किया गया। संस्था अध्यक्ष मनोज जोशी ने प्रशिक्षार्थियों को बताया कि जिला उद्योग केंद्र के सहयोग से आयोजित शिविर से महिलाओं को रचनात्मक कौशल अनुदान पर ऋण व स्वरोजगार और आर्थिक स्वालंबन मिलेगा। इस दौरान मनोज बर्गली, नरेंद्र सिंह, मीनाक्षी पांडे, सहित 21 प्रतिभागी महिलाएं शामिल थी।

### नर्सेज सर्विसेज एसोशिएशन की जंयती अध्यक्ष व जानकी सचिव निर्वाचित



**नैनीताल** । उत्तराखंड नर्सेज सर्विसेज एसोशिएशन शाखा जनपद नैनीताल का द्विवार्षिक अधिवेशन श्रीमती मंजू कैड़ा और श्रीमती रंजना वालिया के संरक्षकत्व में हुआ। अधिवेशन में जिसमें अध्यक्ष जयंती रावत, सचिव जानकी कनवाल, कोषाध्यक्ष शांति आर्या जबकि वरिष्ठ उपाध्यक्ष तृप्ति देऊपा और उपाध्यक्ष प्रतिभा मार्टिन निर्वाचित घोषित की गयी। इस बीच सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने कहा कि वह एसोसिएशन के बैनर तले नर्सेज की विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों से वार्ता से उनके समाधान का प्रयास करेंगी। उन्होंने कहा कि नर्सेज की ओर से उन्हें जो जिमेदारी सौपी गयी हैं उनका लगन व मेहनत से निर्वह्न कर उन्हें पूरा करने का हर संभव प् उन्होंने कहा कि नर्सेज की ओर से उन्हें जो जिमेदारी सौपी गयी हैं उनका लगन व मेहनत से निर्वह्न कर उन्हें पूरा करने का हर संभव प्रयास करेंगी।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

पूर्व प्रधान संपादकः
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी
न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# लोकतंत्र में निष्पक्ष रूप से विपक्ष का मजबूत होना अत्यंत जरुरी

नैनीताल

हमारे संवाददाता

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता मथुरा दत्त जोशी ने कहा है कि लोकतंत्र में निष्पक्ष रूप से विपक्ष का मजबूत होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड में विपक्ष जिस तरह बिखराव का शिकार है वह निश्चित रूप से दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी में कोई चतुर्भुज की बात करता है तो कोई पांच पांडव की लेकिन हकीकत यह है कि कांग्रेस अंतरद्वंद्व से जूझ रही है।

श्री जोशी रविवार को राज्य अतिथि गृह में पत्रकारों से मुखातिब थे। जोशी ने कहा कि कांग्रेस में यह तय ही नहीं है कि पार्टी का नेतृत्व कौन करेगा वहीं थर्ड फ्रंट के हालात भी स्पष्ट नहीं हैं। कहा कि यदि विपक्ष मजबूत होता है तो प्रदेश के विकास को गति मिलती है और जनता के



लोकतांत्रिक अधिकारों की भी रक्षा होती है लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में न तो थर्ड फ्रंट मजबूत दिखाई देता है और न ही कांग्रेस प्रदेश को सशक्त नेतृत्व देने की स्थिति में है।

जोशी के मुताबिक मूल निवास प्रमाण पत्र को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। कहा कि राज्य बनने के बाद स्थायी निवास प्रमाण पत्र जारी होते हैं और इस विषय पर राज्य सरकार गंभीरता से विचार कर रही है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जल्द ही सरकार न्याय संगत और राज्य के हित में फैसला लेकर मूल निवास प्रमाण पत्र जारी करेगी।

# धूमधाम से मनाया सेंट जॉन्स पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव

नैनीताल

हमारे संवाददाता

सेंट जॉन्स पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव शैले हाल में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक सरिता आर्या ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम की शुरुआत वंदना से हुई, जिसके बाद विद्यार्थियों ने सेवन सिस्टर की आकर्षक प्रस्तुति देकर पूर्वोत्तर भारत की विविध संस्कृति को जीवंत किया। नन्हे-मुन्नों की मनमोहक प्रस्तुतियों, राजस्थान के घूमर, गुजरात के गरबा, अंग्रेज़ी कोरस, पहाड़ी व सूफी गीतों ने दर्शकों का दिल जीत लिया। समारोह का मुख्य आकर्षण 'ऑपरेशन सिंदूर' पर आधारित भावनात्मक एक्ट रहा, जिसने सभी को भावुक कर दिया। कुमाऊनी, गढ़वाली और गुजराती लोक नृत्यों ने भी खूब रंग जमाया। मुख्य अतिथि सरिता आर्या ने विद्यालय द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों




की सराहना की। वर्षभर की खेल, कला व शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि गोपाल रावत द्वारा सम्मानित किया गया। विनिंग हाउस ट्रॉफी, फुटबॉल व बैडमिंटन ट्रॉफी पटेल हाउस को तथा क्रिकेट ट्रॉफी टैगोर हाउस को प्रदान की गई। प्रधानाचार्य विनीता रावत ने विद्यालय की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की, जबकि प्रबंधक राहुल थॉमस ने भावी योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि गोपाल रावत, प्रबंधक राहुल थॉमस, भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता, उप प्रधानाचार्य पूनम बिष्ट, अरविंद पडियार, गिरीश रंजन तिवारी,बहादुर बिष्ट, आनंद बिष्ट, आशीष बजाज, पंकज बरगली, संतोष कुमार, हेमा भट्ट, ज्योति ढूंढियाल, मनोज बिष्ट, गजाला कमाल, भगवत रावत,विक्रम रावत, भूपेंद्र सिंह बिष्ट,संतोष साह,मुन्नी तिवारी, गीता साह, मीरा बिष्ट,पंकज बरगली अरुण कुमार साह,समेत अन्य लोग मौजूद रहें।

# अभिमत

## स्वरोजगार ही विकल्प

*उत्तराखंड के संदर्भ में मोहन भागवत के सुझाव को धरातल पर उतारने की जरूरत है। आजीविका देने वाले प्रशिक्षण को बढ़ावा दिया जाये, ऐसे प्रशिक्षण से युवा पहाड़ से पलायन नहीं करेंगे। इसी तरह का प्रयोग मध्य प्रदेश में किया गया और वहां के पांच सौ गांव में रोजगारपरक प्रशिक्षण लेकर लोग स्वरोजगार कर रहे हैं। पर्वतीय क्षेत्र में बिजली, बेल्डिंग, बढ़ई और अन्य काम समुदाय विशेष के लोग करते हैं। धीरे-धीरे दुकान, मकान व जमीन खरीदते जा रहे हैं और मूल निवासी पलायन कर रहे हैं। उत्तराखंड में फल, सब्जी, जड़ी-बूटी आदि प्रचुर मात्रा में है। वनस्पति संबंधी स्वरोजगार की अपार संभावना है।*

कांग्रेस ने करीब छह दशक तक (गरीबी हटाओ) का नारा देकर केन्द्र और कई राज्यों में शासन किया। तत्कालीन विपक्ष ने आरोप लगाया कि कांग्रेस गरीबी दूर नहीं कर रही है, बल्कि भुखमरी से गरीब खत्म हो रहे हैं। वर्ष 2014 में भाजपा केन्द्र में सत्तारुढ़ हुई और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हर साल दो करोड़ युवाओं को रोजगार देने तथा अच्छे दिन आने का वायदा किया। नौकरियां लगातार कम हो रही हैं। सरकारी विभागों में सेवानिवृत्त होने वालों की जगह नई भर्तियां बहुत कम हो रही हैं। सरकारी कामकाज का निजीकरण हो रहा है। बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है, यह विपक्ष का आरोप नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने उत्तराखंड में एक कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए स्वीकार किया है। मोहन भागवत ने कहा कि सभी को सरकारी नौकरी देना, किसी व्यवस्था, सरकार या संगठन के बस में नहीं है। इसका समाधान स्वरोजगार से निकाला जा सकता है। उत्तराखंड के संदर्भ में मोहन भागवत के सुझाव को धरातल पर उतारने की जरूरत है। आजीविका देने वाले प्रशिक्षण को बढ़ावा दिया जाये, ऐसे प्रशिक्षण से युवा पहाड़ से पलायन नहीं करेंगे। इसी तरह का प्रयोग मध्य प्रदेश में किया गया और वहां के पांच सौ गांव में रोजगारपरक प्रशिक्षण लेकर लोग स्वरोजगार कर रहे हैं। पर्वतीय क्षेत्र में बिजली, बेल्डिंग, बढ़ई और अन्य काम समुदाय विशेष के लोग करते हैं। धीरे-धीरे दुकान, मकान व जमीन खरीदते जा रहे हैं और मूल निवासी पलायन कर रहे हैं। उत्तराखंड में फल, सब्जी, जड़ी-बूटी आदि प्रचुर मात्रा में है। वनस्पति संबंधी स्वरोजगार की अपार संभावना है। आईटीआई, पॉलिटेक्निक आदि के प्रशिक्षण संस्थान हैं। युवा प्रशिक्षण लेकर स्वरोजगार करना नहीं चाहते हैं। पर्यटन से जुड़े अनेक स्वरोजगार के साधन हैं। तराई और प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों से लेकर सुदूर पर्वतीय गांवों में भी समुदाय विशेष के लोग हुनर के जरिये कमाई कर रहे हैं। उत्तराखंड के युवा पढ़ाई करके सेना तथा अन्य सुरक्षा बलों में भर्ती होने और सरकारी नौकरी के लिए प्रयास करते हैं, असफल होने पर पलायन करके देश के अन्य राज्यों में निजी क्षेत्र में शोषण का शिकार होते हैं। प्रधानमंत्री मोदी की अनेक उपलब्धियां हैं। अच्छे दिन आये हैं, लेकिन दो करोड़ लोगों को हर साल सरकारी नौकरी देना संभव नहीं हो पाया है। स्वरोजगार की दिशा में ऊर्जावान, लगनशील और प्रतिभाशाली युवा स्वयं के प्रयासों से सफल हो रहे हैं। मोहन भागवत के विचार पर अमल करके केन्द्र व राज्य सरकार को आजीविका देने वाले प्रशिक्षण और स्वरोजगार को बढ़ावा देना होगा।

# पुलिस के ऑपरेशन ने मचाई हलचल

## अलर्ट की घंटी आमजन के गले में अटकी

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

एसएसपी नैनीताल डॉ. मंजुनाथ टीसी के सख्त निर्देश पर सोमवार तड़के सुबह पूरे जिले में चप्पे चप्पे पर पुलिस ने भारी फोर्स के साथ व्यापक चेकिंग अभियान शुरू किया। ये अभियान सभी प्रमुख बैरियरों, मुख्य मार्गों और संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस हाई-अलर्ट मोड में तैनात रही।

बेलबाबा बॉर्डर बैरियर, आम्रपाली बैरियर, हल्दूचौड़, रामनगर रूट, गडप्पू (कालाढूंगी), बारापत्थर, भीमताल, खैरना और सुभाष नगर बैरियर सहित सभी लोकेशनों पर वाहनों, व्यक्तियों और सामान की कड़ाई से जांच की गई। अभियान की निगरानी राजपत्रित अधिकारियों द्वारा की गई, जबकि दरोगा स्तर के अधिकारी अपनी-अपनी टीमों के साथ फील्ड में सक्रिय रहे। पुलिसकर्मी बॉडी प्रोटेक्टर और आधुनिक ऑटोमैटिक हथियारों से लैस रहकर हर संदिग्ध गतिविधि पर नजर बनाए हुए थे। अवैध गतिविधियों और अतिक्रमण पर विशेष फोकस रखा गया।



जनपद के सभी एंट्री-एग्जिट पॉइंट्स पर सघन चेकिंग के साथ शहर के अंदर पैदल गश्त बढ़ाई गई। भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों व मुख्य चौराहों पर सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत की गई।

पुलिस ने सोशल मीडिया पर भी कड़ी निगरानी रखते हुए अफवाह फैलाने वालों को चेतावनी दी है। कि किसी भी भ्रामक सूचना या माहौल खराब करने की कोशिश करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इतना ही नहीं सोशल मीडिया के पत्रकारों को भी एसएसपी ने सख्त निर्देश दिए हैं कि बिना किसी अधिकारी के बयान के या बिना पुष्टि के कोई भी खबर को प्रसारित न करें अगर की तो सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी

नैनीताल पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे चेकिंग अभियान में सहयोग करें और आवश्यक दस्तावेज साथ रखें। ये अभियान आगे भी जारी रहेगा

## सीओ दीपक का एडिशनल एसपी पद पर प्रमोशन एसएसपी ने अशोक स्तंभ लगा शुभकामनाएं दी



रुद्रपुर। सीओ काशीपुर दीपक सिंह का एडशिनल एसपी पद पर प्रमोशन हो गया। दीपक सिंह को एडिशनल एसपी पद मिलने पर एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने उनके कंधों पर अशोक स्तंभ लगाकर पद पर पदोन्नति की बधाई देते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी उत्तराखंड शासन ने 28 नवंबर 2025 को पुलिस उपाधीक्षक से एडिशनल के पद पर दीपक सिंह की पदोन्नति को औपचारिक स्वीकृति प्रदान की गई थी इस अवसर पर एसएसपी दीपक सिंह को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनके उत्कृष्ट कार्य, अनुशासन और जनसुरक्षा के प्रति समर्पण का परिणाम है। उन्होंने आगामी दायित्वों के लिए दीपक सिंह को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि वे भविष्य में भी इसी निष्ठा के साथ अपनी सेवाएं देते रहेंगे।

# रामगढ़ में मुकदमा मुक्त ग्राम सममान पहल योजना के तहत सममान समारोह

नैनीताल

हमारे संवाददाता

उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के दिशा निर्देशानुसार एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल/ जिला न्यायाधीश हरीश कुमार गोयल के निर्देशन में सिविल जज (सी0डि)/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल श्रीमती पारुल थपलियाल द्वारा रविवार को नैनीताल जिले के रामगढ़ विकास खंड सभागार में ग्राम सममान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुखय अतिथि के रूप में अपर जिला जज संजीव कुमार उपस्थित रहे।

इससे पूर्व समारोह का शुभारंभ मुखय अतिथि ने दीप प्रज्ज्वलित कर राजकीय बालिका इंटर कालेज रामगढ़ की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना के साथ किया। समारोह में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकलापों के बारे में जानकारी दी



गई साथ ही सोहन तिवारी (चीफ लीगल एड डिफेंस कौंसिल नैनीताल) द्वारा भी जिला विधिक के कार्यों लीगल एडएफ्रंट ऑफिस के बारे में जानकारी दी गई। एसएचओ भवाली द्वारा मोटर वाहन अधिनियम की जानकारी साझा की है तत्पश्चात् अपर मुखय न्यायिक मजिस्ट्रेट रवि रंजन द्वारा पोस्को एकट के बारे में विधिक जानकारी दी। समारोह में मुखय अतिथि द्वारा एनडीपीएस एकट के प्रावधानों के बारे में आम जनमानस को जागरूक किया। रामगढ़ विकास खंड से मुकदमा मुक्त ग्राम सममान पहल योजना के तहत चयनित 7 ग्रामों को प्रमाण पत्र देकर सममानित किया गया। अंत में सिविल जज सीनियर डिविजन हर्ष यादव द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापन कर कार्यक्रम का समापन की घोषणा की गई। समारोह में खंड विकास अधिकारी का मुखय सहयोग रहा। इस मौके पर बलाक प्रमुख समेत आशाव आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, रामगढ़ के सभी कर्मचारीगण, छात्र- छात्राएं आम जनमानस उपस्थित रहे।

# फिल्मी दुनिया

## सनी-बॉबी को सोनू निगम ने लगाया गले



*दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र की प्रार्थना सभा 27 नवंबर को मुंबई में रखी गई थी। इस दौरान गायक सोनू निगम ने अपने सुरों से एक्टर को श्रद्धांजलि दी।*

*दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र की प्रार्थना सभा में बॉलीवुड से कई दिग्गज कलाकार पहुंचे थे। इसी दौरान गायक सोनू निगम भी दिग्गज अभिनेता को याद करते हुए नजर आए। सोनू निगम ने अपने सुरों से धर्मेंद्र को श्रद्धांजलि दी। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में सोनू बॉबी देओल और सनी देओल के गले लगते हुए नजर आ रहे हैं। वायरल हो रहे वीडियो में नजर आता है कि सोनू निगम सनी और बॉबी के पास जाते हैं। सनी और बॉबी हाथ जोड़ते हैं और फिर सोनू दोनों को गले लगा लेते हैं। सोनू सनी के कान में भी कुछ कहते हुए नजर आ रहे हैं। लगातार दोनों भाइयों को हिम्मत देते हुए नजर आ रहे हैं। सोनू निगम ने धर्मेंद्र को याद करते हुए गाने गाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। जब वो स्टेज पर गाने गा रहे थे तो बैकग्राउंड में प्रोजेक्टर पर धर्मेंद्र के परिवार संग यादगार लम्हों की तस्वीरें चलाई जा रही थीं। प्रेयर मीट के लिए ग्राउंड पूरा खचाखच भरा नजर आ रहा था। बता दें धर्मेंद्र की प्रेयर मीट में बॉलीवुड के कई सेलेब्स पहुंचे थे। सलमान खान, शाहरुख खान, माधुरी दीक्षित से लेकर मलाइका-जैकी श्रॉफ तक, हर किसी ने धर्मेंद्र को नम आंखों से श्रद्धांजलि दी।*

### घर पहुंचे शत्रुघ्न सिन्हा

*दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र के निधन के बाद लोग उन्हें याद कर रहे हैं और देओल परिवार से मिलकर उन्हें सांत्वना दे रहे हैं। इसी क्रम में अब अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा भी धर्मेंद्र के घर पहुंचे। जहां उन्होंने सनी देओल और बॉबी देओल से मुलाकात करके अपने साथी अभिनेता को श्रद्धांजलि दी। शत्रुघ्न सिन्हा ने अपने एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर की। इस पोस्ट में उन्होंने धर्मेंद्र और सनी देओल व बॉबी देओल के साथ कुछ पुरानी तस्वीरें साझा की।*

# ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में पुलिस की चार मकान मालिकों पर बड़ी कार्रवाई

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में पुलिस ने किराएदार सत्यापन को विशेष अभियान चलाया। पुलिस की कार्रवाई के चलते मकान मालिकों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने चार मकान मालिकों के खिलाफ बिना सत्यापन के किराएदार रखने पर 10 हजार 10 हजार रुपए का कोर्ट के चालान काटे। साथ ही पुलिस ने चेतावनी दी कि बिना सत्यापन के किराएदार रखे तो कड़ी कार्रवाई होगी। रविवार सुबह ट्रांजिट कैंप पुलिस ने जनपद रोड गोकुलधाम फुलसुंगा में सत्यापन की किराएदार सत्यापन अभियान शुरू किया। अचानक पुलिस की कार्रवाई देख लोगों में हड़कंप मच गया। पुलिस के मुताबिक पुलिस ने इस अभियान के दौरान चार मकान मालिकों के खिलाफ बिना सत्यापन के किराएदार रखने पर चालान की कार्रवाई की। एसएसआई महेश कांडपाल ने बताया कि पुलिस ने चार मकान मालिकों के खिलाफ कोर्ट का 10 हजार 10 हजार रुपए का चालान की कार्रवाई की। उन्होंने



**कार्रवाई**

- बिना सत्यापन के किराएदार रखना चार मकान मालिकों को महंगा पड़ा

बताया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से कहा कि बिना पुलिस सत्यापन के किराएदार न रखें। चैकिंग के दौरान बिना सत्यापन के किराएदार मिले तो कड़ी कार्रवाई होगी। इस दौरान एसआई पंकज महर, एएसआई चंद्र प्रकाश बवाडी,विजेंद्र सिंह समेत अन्य पुलिस कर्मी शामिल रहे।

## News कॉर्नर

### गल्ला व्यापारी पर लगाया अभद्रता का आरोप

**हल्द्वानी।** दमुवाढूंगा में एक सस्ता गल्ला व्यापारी पर वहीं के एक व्यक्ति ने अभद्रता करने का आरोप लगाया है। दमुवाढूंगा निवासी कैलाश चंद्र का आरोप है कि उसे राशन कार्ड की केवाईसी करानी थी। वह शनिवार को सस्ता गल्ला संचालक के घर गया था। आरोप है कि वह संचालक के घर पर कुर्सी पर बैठा था, इसी दौरान संचालक आया और जातिसूचक टिप्पणी की। उसके साथ अभद्रता भी की गई। बहुजन समाज के लोगों ने रात में ही दमुवाढूंगा चौकी पहुंचकर विरोध जताया। रविवार को भी भीम आर्मी और अन्य संगठनों ने चौकी में आकर विरोध दर्ज किया। हालांकि, बाद में संचालक के लिखित माफीनामे के बाद समझौता हो गया। इस दौरान नफीस अहमद खान, महेश चंद्र आर्य, हरीश लोधी, सखावत हुसैन, आकाश भारती, लच्छू, शिव गणेश आदि रहे।

### समन्वय बैठक आयोजित

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा रेलवे भूमि अतिक्रमण मामले में सुप्रीम कोर्ट में 2 दिसंबर को सुनवाई होगी, और उम्मीद है कि इसी दिन फैसला भी आ सकता है। रविवार को जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समन्वय बैठक आयोजित हुई। रेलवे, नगर निगम, वन विभाग और उत्तर-पूर्वी रेलवे के अधिकारी भी इसमें शामिल हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि फैसले के बाद किसी भी स्थिति में कानून व्यवस्था में ढिलाई नहीं होनी चाहिए। वहीं, एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने बताया कि पुलिस पर्याप्त फोर्स, बॉडी प्रोटेक्टर, हेलमेट और अन्य उपकरणों के साथ पूरी तरह तैयार है। सघन चेकिंग, गश्त बढ़ाने और सोशल मीडिया पर अफवाहों पर अंकुश लगाने के निर्देश भी जारी किए गए हैं।एसएसपी ने चेतावनी दी कि सरकारी कार्य में बाधा डालने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी। साथ ही उन्होंने जनता से अपील की कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले का सम्मान करें और प्रशासन का सहयोग करें।

# कैंसर पीड़ित की मदद को आगे आये विधायक, एम्स में करवाएंगे भर्ती

## इलाज के खर्च में भी मदद का दिया भरोसा

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

रम्पुरा में कैंसर पीड़ित जगदीश कोली का सहारा बनकर विधायक शिव अरोरा उनके उनके आवास पर पहुंचे। विधायक रम्पुरा भ्रमण पर थे। तभी पार्टी के लोगो ने जगदीश के कैंसर से पीड़ति होने की सूचना दी। जगदीश को कैंसर जैसी बीमारी ने आर्थिक,शारीरिक रूप से कमजोर बना दिया इलाज में उसकी पत्नी माया ने एक मात्र घर तक भी गिरवी रख दिया। विधायक ने रम्पुरा पहुंचकर पीड़ित जगदीश से मुलाकात की उसको हिम्मत बाँधी। साथ ही उसकी पत्नी को आश्वास्त किया कि वह स्वयं जगदीश को ऋषिकेश एम्स में भर्ती करवायेगे उसके जाने व इलाज कि व्यवस्था हेतु आर्थिक मदद करेंगे। विधायक ने जगदीश को जल्दी



ही एम्स में भर्ती करवाने की बात कही। विधायक ने कहा कि मुनिन्द्र धर्मार्थ ट्रस्ट धनाना गोहाना सोनीपत द्वारा इनके परिवार के बच्चों कि शिक्षा उनके प्रतिमाह राशन कि व्यवस्था के लिये संस्था ?े पत्राचार किया था। जिसपर संस्था ने सहमति व्यक्त कर दी।जगदीश के परिवार को प्रतिमाह राशन व और उसके भविष्य में इलाज में होने वाले खर्च को संस्था उठाएगी। साथ ही विधायक ने भी परिवार का मुख्यमंत्री राहत कोष से मदद दिलाने का आश्वासन दिया है। विधायक ने कहा कि जगदीश काफी मेहनती ईमानदार व्यक्ति है जिसके सामने कैंसर जैसी बीमारी के आ जाने से उसको लाचार बना दिया है,परिवार में उसकी तीन बेटियों की जिम्मेदारी भी उस है। हर सम्भव मदद हेतु विधायक पीड़ित के परिवार के साथ खड़ा है। उधर विगत दिनों संदिग्ध परिस्थितियों में राजेंद्र कोली नाम के व्यक्ति की मृत्यु हो गई थी। उसके पांच छोटी बच्ची है। विधायक ने उसके आवास पहुंच कर भी परिजनों से मुलाकात की। इससे पूर्व भी विधायक ने पड़ित की पत्नी रेखा को राशन व आर्थिक मदद पंहुचाई गई थी,मगर विधायक शिव अरोरा ने संत रामपाल महाराज द्वारा संचालित मुनिन्द्र धर्मार्थ ट्रस्ट धनाना गोहाना सोनीपत को आग्रह किया था इस असहाय परिवार के बच्चों की शिक्षा व राशन इत्यादि की व्यवस्था संस्था उठाये। जिसको संस्था ने स्वीकार करते हुऐ मृतक राजेंद्र कोली के परिवार को अनपूर्णा मुहीम के अन्तर्गत प्रतिमाह राशन, बच्चों की शिक्षा साथ ही पक्का मकान बनाने हेतु संस्था ने सर्वे किया है जिसको स्वीकृति मिलते ही उनको रहने लायक पीड़ित की जमीन पर बनाने का कार्य किया जायेगा। विधायक ने कहा जाने वाले की पूर्ति नही की जा सकती,मगर परिवार की गुजर बसर चले इसकी चिंता उनके द्वारा की गई है, साथ ही मुख्यमंत्री राहत कोष से भी परिवार को आर्थिक मदद कराने का भी विधायक ने परिवार को भरोसा दिया है। विधायक ने कहा रम्पूरा उनका परिवार है और यहाँ के लोगो के साथ वह सदैव खड़े है और पीड़ित परिवार भविष्य में भी हर प्रकार से साथ खड़े नजर आयेगे।इस दौरान पार्षद गिरीश पाल, मंडल अध्यक्ष मुकेश पाल,राज कोली, सोनू कोली, चंद्रपाल कोली,मनोज मदान,मयंक कक्कड़ रहे।

# वनभूलपुरा अतिक्रमण मामले में कल आएगा फैसला, प्रशासन अलर्ट

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

उच्चतम न्यायालय में 2 दिसंबर को सुनवाई होनी है उसी दिन रेलवे स्टेशन के समीप की भूमि का फैसला आने की संभावना जता रही है इसी लिए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा को लेकर अपनी कमर कसली है। इसी के चलते वनभूलपुरा के कई इलाकों में वृहद सत्यापन व अतिक्र मण अभियान चलते हुए फ्लैग मार्च किया।

एसएसपी , डॉ. मंजूनाथ टीसी के कड़े निर्देशों के अनुपालन में बनभूलपुरा क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने एवं सघन सत्यापन अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान क्षेत्र को चार सेक्टरों में विभाजित कर एसपी सिटी मनोज कत्याल के नेतृत्व में सभी राजपत्रित अधिकारियों व पुलिस टीम द्वारा बड़े पैमाने पर यह अभियान चलाया गया। इस मौके सी ओ हल्द्वानी अमित सैनी लालकुआं दीपशिखा, रामनगर सुमित पांडे, सहित रविकांत



सेमवाल क्षेत्राधिकारी नैनीताल के नेतृत्व में भारी पुलिस बल तैनात कर क्षेत्र में व्यापक सत्यापन, सघन चेकिंग, व अतिक्रमण हटाने संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। बीडीएस टीम द्वारा भी लगातार चेकिंग की जा रही है।

यह अभियान इंदिरा नगर, बड़ी रोड, छोटी रोड, शनिवार बाजार, ढोलक बस्ती, रेलवे स्टेशन गफूर बस्ती, लाइन नंबर 17/18, तथा चोरगलिया रोड स्थित लाइन नंबर 1 से 16 तक चलाया गया। अभियान का उद्देश्य अवैध अतिक्रमणों पर प्रभावी कार्रवाई, संदिग्ध व्यक्तियों किरायेदारों का सत्यापन, आपराधिक गतिविधियों पर रोक, क्षेत्र में शांति व कानून व्यवस्था सुदृढ़ करना है।

पुलिस ने जनता से अभियान में सहयोग करने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की है।

# धूमधाम से मना अमेरिकन किड्स स्कूल का वार्षिकोत्सव

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

अमेरिकन किड्स स्कूल का वार्षिकोत्सव रविवार को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से मनाया गया। नन्हें मुन्ने बच्चों ने आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

इससे पूर्व मुखय अतिथि लॉन्ग व्यू पबलिक स्कूल के प्रधानाचार्य बीसी त्रिपाठी तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. एसएस बिष्ट तथा विनोद पांडे ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से की गई। बच्चों द्वारा विभिन्न गानों में मनमोक प्रस्तुति दी गई। विद्यालय में वर्ष भर आयोजित खेल, कला एवं शैक्षणिक गतिविधियों के आधार पर छात्र छात्राओं को मुखय अतिथि तथा विशिष्ट अतिथि द्वाय पुरस्कार वितरण किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्य दीपा बिष्ट समेत जया, कुमकुम, मीनाक्षी, खुशी, अनम, हिमांशु बिष्ट, नवीन वेगाना, अल्का जीना, मन्नू कुमार, सागर सोनकर, संतोख बिष्ट, रिद्धिम देवपा, रोहित तथा चंदू आदि मौजूद रहें। संचालन नीरज बिष्ट व अपाला नैथानी ने किया।



# उत्तरांचल युवा पंजाबी महासभा ने बॉलीवुड अभिनेत्री और मशहूर पंजाबी कलाकार सोनम का किया स्वागत

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

बॉलीवुड अभिनेत्री और मशहूर पंजाबी कलाकार सोनम बाजवा का बिलासपुर स्थित एक फार्म हाउस पहुंचने पर उत्तरांचल युवा पंजाबी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष भारत भूषण चुघ समेत अन्य लोगों ने उनका स्वागत किया।

इस दौरान संक्षिप्त वार्ता में अभिनेत्री सोनम बाजवा ने बताया कि उनके माता-पिता नानकमत्ता के एक विद्यालय में शिक्षक थे और उन्होंने रुद्रपुर के एक निजी स्कूल से वर्ष 2005 में इंटरमीडिएट तक की शिक्षा ग्रहण की। वह रुद्रपुर के आवास विकास के एक हॉस्टल में रहती थी। उन्होंने बताया कि पंजाबी फिल्मों से उन्होंने अपना करियर शुरू किया था। इसके अलावा उन्होंने कई हिंदी फिल्मों में भी काम किया है बाजवा ने बताया कि वर्तमान में भी उनकी कई फिल्में फ्लोर पर हैं।

पंजाबी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चुघ ने बुके भेंट कर उनका स्वागत किया। उन्होंने बताया की सोनम बाजवा ने उनकी बहन सिल्की गाबा के साथ स्कूल में शिक्षा ग्रहण की है ,और यह रुद्रपुर शहर के लिए गौरव



का विषय है कि यहां के विद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर आज सोनम बाजवा हिंदी और पंजाबी फिल्मों में अपना योगदान दे रही हैं।

चुघ ने अभिनेत्री सोनम बाजवा से आग्रह किया कि वह समय निकालकर रुद्रपुर में आए जहां उत्तरांचल पंजाबी महासभा द्वारा उन्हें सम्मानित किया जाएगा। जिस पर बाजवा ने कहा कि वह मुंबई पहुंचकर अपना शेड्यूल देखेंगी उसके बाद वह अवश्य रुद्रपुर आयेंगी । संक्षिप्त भेंट के बाद अभिनेत्री बाजवा मुंबई के लिए रवाना हो गई। स्वागत करने वालों में उत्तरांचल युवा पंजाबी महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष बलजीत सिंह बाबा, समाजसेवी राज गगनेजा, बिलासपुर ब्लॉक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख, नमन चुघ, नयन चुघ, अजय मिश्रा, सोनू शर्मा मौजूद थे।

### बुजुर्ग की गुमशुदगी दर्ज

**हल्द्वानी।** घर से निकला एक बुजुर्ग लौट कर वापस नहीं पहुंचा। काठगोदाम पुलिस ने एक माह बाद मामले में गुमशुदगी दर्ज की है। पूर्वी खेड़ा गौलापार निवासी लोकेश कर्नाटक ने पुलिस को बताया कि बीती 28 अक्टूबर को उनके 63 वर्षीय पिता प्रकाश चन्द्र घर से निकले और फिर लौटे नहीं। वह पहले भी ऐसा कर चुके हैं, लेकिन हर बार लौट गए। थानाध्यक्ष बिमल मिश्रा ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# बहुत महत्वपूर्ण है गीता जयंती ( मोक्षदा एकादशी )

**आस्था**

- आज रखा जाएगा व्रत
- बोले आचार्य पंडित प्रकाश चंद्र जोशी

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल के समीपवर्ती गेठिया गांव निवासी आचार्य पंडित प्रकाश चंद्र जोशी ने कहा कि मार्गशीर्ष मास के शुकल पक्ष की एकादशी को मोक्षदा एकादशी के नाम से जाना जाता है। इस दिन गीता जयंती भी मनाई जाती है। इस बार सोमवार (आज) को गीता जयंती या मोक्षदा एकादशी व्रत मनाया जाएगा।

पंडित जोशी के मुताबिक इस दिन यदि एकादशी तिथि की बात करें तो



शाम 7.01 बजे तक एकादशी तिथि रहेगी। यदि नक्षत्र की बात करें तो रेवती नक्षत्र मध्य रात्रि 11.18 बजे तक यह नक्षत्र रहेगा। इस दिन वणिज नामक करण प्रातः 8.20 बजे तक है। सबसे महत्वपूर्ण यदि इस दिन के चंद्रमा की स्थिति को जानें तो इस दिन चंद्र देव मध्य रात्रि 11.18 बजे तक मीन राशि में विराजमान रहेंगे। बताया कि पुराण, महाभारत, रामायण या स्मृतियां नहीं बल्कि हिन्दू धर्म के प्रमुख धर्मग्रंथ चार वेद हैं। वेदों का सार उपनिषद हैं अर्थात वेदांत । उपनिषदों का सार गीता है। बताया कि गीता के ज्ञान की इस वर्ष 5165वीं वर्षगांठ मनाई जाएगी। कहा कि आज के दिन प्रत्येक व्यक्ति को गीता का पाठ अवश्य करना चाहिए।

# यूकेडी के पूर्व विधायक भट्ट एवं सीपीआई नेता कॉमरेड बहुगुणा को दी श्रद्धांजलि

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड क्रांति दल नैनीताल इकाई की अगुवाई में रविवार को राज्य अतिथि गृह में राज्य आंदोलनकारी व यूकेडी के पूर्व विधायक दिवाकर भट्ट एवं सीपीआई नेता कॉमरेड राजा बहुगुणा के सममान में श्रद्धांजलि सभा आहुत की गई। श्रद्धांजलि सभा में नैनीताल शहर के प्रबुद्धजनों, अधिवक्ता, शिक्षक, कर्मचारी नेता व रंगकर्मी शामिल हुए। सभा की अध्यक्षता नैनीताल नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष श्याम नारायण द्वारा की गई।

सभागार में कार्यक्रम की शुरुआत दिवाकर भट्ट एवं राजा बहुगुणा के चित्रों पर पुष्पांजलि कर की गई। सभा में पूर्व विधायक डॉ. नारायण सिंह



जंतवाल ने कहा कि दिवाकर भट्ट में आंदोलनकारी का मजबूत जज्बा था वो जीवन पर्यंत राज्यवासियों की पीड़ा की लड़ाई लड़ते रहे, प्रशासन के जुल्म सहे व वर्यक्तिगत तखलीफे झेली। भट्ट जी ने आखरी दम तक युवाओं का आह्वान किया राज्य तो बन गया अब राज्य को बनाने की लड़ाई लड़नी है। डॉ जंतवाल ने दुःख वयक्त करते हुए कहा कि जिन मुद्दों के लिए राज्य की लड़ाई लड़ी गई वो आज भी हल नहीं हुई ये दिल्ली की सरकारें हैं जो हाई कमांन से संचालित होती हैं उत्तराखंड वासिओं की पीड़ा से कोई लेना देना नहीं है। ये खेदजनक है राज्य स्वायत्त है राज्य अपने हित में कानून बना सकता है लेकिन आज भी जनता आंदोलन के लिए मजबूर है। वैज्ञानिक डॉ. डी डी पंत ने कहा था पहाड़ परस्त नीतियां बनानी होंगी पर्यावरण के लिए काम करना होगा वरना पूरा देश प्रभावित होगा। जंतवाल ने कहा कॉमरेड राजा बहुगुणा ने जीवन पर्यंत शोषित, पीड़ित व श्रमिक और आम जनता की लड़ाई लड़ी। सभा को पूर्व जीएम टूरिज्म डी के शर्मा, एडवोकेट कैलाश तिवारी, पान सिंह सिजवाली, राज्य आंदोलनकारी जिलाध्यक्ष गणेश सिंह बिष्ट, रंगकर्मी विनोद कुमार, महेश जोशी, पंकज भट्ट, मनोज बिष्ट, खुर्शीद हुसैन, लीला बोरा तथा हेम चंद्र वारियल, कंचन चंदौला व शाकिर अली आदि ने संबोधित किया। संचालन कमलेश चंद्र पांडे ने किया।